## खबर संक्षेप

### 11.4 ग्राम स्मैक सहित तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने नशा तस्कर अमित पुत्र कल्लण निवासी धमीजा कॉलोनी नूरवाला को 11.4 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव ने बताया कि अमित पर थाना तहसील कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है और उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### चोरी के आरोप दो युवकों को किया गिरफ्तार

**समालखा।** समालखा चौकी पुलिस ने सीताराम कॉलोनी स्थित घर से नगदी व गहने चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय पुत्र सज्जन निवासी बंदेपुर व दीपांशु निवासी पटेल नगर सोनीपत को गिरफ्तार किया है। समालखा चौकी इंचार्ज जितेंद्र ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में सीताराम कॉलोनी निवासी राजपाल की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं आरोपियों से चोरी की गई चांदी की पांच पाजेब और वारदात में प्रयुक्त ऑटो व राड बरामद की गई है।

### अदालत ने दुष्कर्म का आरोपी जेल भेजा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी गांव इटाहवा जिला बहराइच यूपी हाल किरायेदार गंगापुरी रोड निवासी राकेश को गिरफ्तार किया और उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस का पक्ष जानने के बाद अदालत ने राकेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### ब्याज माफी योजना का लाभ लें: उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया की उत्तर हरियाणा विद्युत वितरण निगम ने सभी वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी योजना लागू की है। जिसके अन्तर्गत जिन उपभोक्ताओं का बिजली का बिल 31 अगस्त, 2024 से लगातार बकाया चल रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता इस ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकेंगे। बकायेदार यदि अपने बिल की बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाते हैं, तो उनका ब्याज 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा।

### फसल बीमा योजना सुरक्षा कवच

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक आत्मा राम गोदारा ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक जोखिम से सुरक्षा देने के लिए सुरक्षा कवच के रूप में एक महत्वकांशी योजना की शुरूआत खरीफ- 2016 में की गई थी। जिसे बाद में खरीफ- 2020 में ऋणी किसानों के लिए भी इस स्कीम को वैकल्पिक कर दिया गया। वहीं, फसल बीमा योजना के तहत चार फसल कपास, बाजरा, धान व मक्का को नोटिफाइड किया गया है।

### विधवाओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण

**पानीपत।** हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से विधवा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए तीन लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद दहिया ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से एक योजना महिला विकास निगम द्वारा चलाई जा रही है। जिसमें पात्र महिला को तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना में सिलाई सेंटर खोलने, ब्यूटी पार्लर चलाने, घर में दुकान खोलने, पापड़, अचार आदि बनाने आदि जैसे काम शुरू करवाए जाते हैं।

### गांव लुहारी में नवजात शिशु का शव मिला

**इसराना।** इसराना थाना क्षेत्र के गांव लुहारी में औसर रोड रजवाहे की पुलिया के पास एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। वहीं, गांव लुहारी के सरपंच ने इसकी शिकायत थाना इसराना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शिशु के शव को रजवाहे से बाहर निकलवाया और जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

# भूमि विवाद : छोटे भाई ने बड़े भाई की फाली मारकर की हत्या

## आरोपित राकेश शराब पीने का है आदी, घर पर कब्जा करने की नीयत से की वारदात

- घटना की सूचना मिलने पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व साक्ष्य जुटाए शुरू कर दी।
- मृतक मुकेश से बड़ा भाई अशोक और छोटा भाई राकेश है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव नांगल खेड़ी में वीरवार की शाम को जमीनी विवाद में छोटे भाई राकेश ने अपने बड़े भाई मुकेश की फाली से गोदकर हत्या कर दी।

वहीं घटना की सूचना मिलने पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। वहीं हत्यारोपी राकेश फरार हो गया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक मुकेश से बड़ा भाई अशोक और छोटा भाई राकेश है। तीनों भाई शादीशुदा है। मुकेश एक फैक्ट्री में ड्राइवर था। वारदात को अंजाम छोटे भाई राकेश ने दिया है। राकेश, शराब पीने का आदी है। जो हमेशा घर पर सभी से झगड़ा करता रहता था। उसकी मंशा घर पर कब्जा करने की है। इसी मंशा के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। वीरवार की शाम को तीनों भाई घर पर ही थे। तभी राकेश ने झगड़ा करना शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान उसने घर पर रखी फाली (कुदाल) उठाकर मुकेश के सिर पर ताबड़तोड़ मारने शुरू कर दिए। बचाव में आए भाई अशोक और भाभी सुमन को भी मामूली चोटें लगी। आरोपी उस वक्त तक उसे मारता रहा, जब तक मुकेश ने दम नहीं तोड़ दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के शिव नगर में शराब ठेके से नगदी चोरी कर फरार हुए दो सेल्समैन उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिला के नंगला रते गांव निवासी विनय व नंगला जंगी गांव निवासी मोनू को कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चौकी इंचार्ज दिनेश ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में रिसालू रोड के जीतराम नगर निवासी ऋषिपाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने सरिया चोर को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने रेर कला गांव के पास निर्माणाधीन साइट से सरिया चोरी करने के दो आरोपियों करनाल के घरौंडा के प्रेम नगर निवासी गुरजीत व सुभाष को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना सदर में अंसल निवासी संदीप पुत्र सोहन लाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### एलईडी लाइट चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने एचएसआईडीसी में स्थित एनोबिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से एलईडी लाइट चोरी करने के दो आरोपियों रज्जापुर गांव निवासी प्रभजोत व हरदीप को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना सदर में कंपनी के मैनेजर सचिन की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सीआईए टू पुलिस टीम ने नशा तस्कर दबोचा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने विकास नगर एनएफएल रोड पर 26 ग्राम स्मैक के साथ मोनिश कुरैशी पुत्र असरार निवासी कुरैशी मोहल्ला सैदपुर बदायूं यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत तहत केस दर्ज किया गया और कोर्ट से आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि आरोपी के साथियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

## बुजुर्ग हमारे आदर्श, आन बान और शान : गौत्तम



**पानीपत।** पानीपत में प्रेस वार्ता करते हुए ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा छह जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन हुड्डा सेक्टर 12 स्थित एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में सुबह 10 बजे किया जाएगा। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौत्तम ने बरसत रोड स्थित एडवोकेट सुरभि शर्मा के कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि हरियाणा में बड़े बुजुर्गों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बुजुर्ग कितने कष्ट झेलकर समाज व बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान करने वाला समाज उन्नति करता है। हमारे बुजुर्ग न केवल हमारे आदर्श हैं बल्कि हमारी आन, बान व शान हैं। उन्हीं की बदौलत आज हम इस मुकाम पर हैं। इसलिए सैकड़ों बुजुर्गों का सम्मान समारोह में किया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के संस्थापक ऋतमोहन शर्मा ने बताया कि समारोह में सानिध्य श्री आदि बद्री मठ मछली बंदर से दंडी स्वामी श्री विनय स्वरूप आश्रम जी व श्री स्वामी दयानंद सरस्वती जी महाराज का रहेगा। मुख्यातिथि सेवानिवृत आईपीएस रविकांत शर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस राजीव शर्मा, सेवानिवृत्त जिला जज केसी शर्मा होंगे। जबकि अविनाश पालीवाल, विरेंद्र बुल्ले शाह, गजेंद्र सलूजा, ओपी शर्मा, शशिकांत शर्मा, अशोक शर्मा, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र मित्तल, कुलदीप कौशिक, ईश्वर गोयल, राजीव जैन, राजेंद्र हलदाना, डा.गौरव श्रीवास्तव, हरियाणवीं कलाकार ऊषा शर्मा चन्द्रावल, महाबीर गुड्डु आदि भाग लेंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, एडवोकेट सुरभि शर्मा, जेपी शर्मा, अनिल शर्मा, बलवान शर्मा व सुदर्शन पराशर आदि मौजूद रहे।

## इनरव्हील क्लब ने रोपे 250 पौधे




**पानीपत।** पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित एक जीर्ण-शीर्ण पार्क को अब इनरव्हील क्लब पानीपत मिडटाउन नया जीवन देगा। क्लब ने आज से इस पार्क के सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया है और पहले ही दिन 250 पौधे लगाए गए हैं। यह परियोजना अगले 4-5 महीनों में पूरी होगी। इस महत्वपूर्ण पहल में नगर निगम पार्षद सांची तनेजा के पति संचित तनेजा और अनिल मदान ने भी सहयोग किया। इस मौके पर क्लब की प्रधान रूपाली चोपड़ा, पूजा मलिक, साधिका, सीमा बब्बर, मंजरी चड्ढा, पिंकी सैनी, नीतू छाबड़ा और प्रियंका दुआ सक्रिय रूप से मौजूद रहीं। इन्नरव्हील कल्ब पानीपत मिडटाउन हमेशा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहा है।पर्यावरण हमारे स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करता है। प्रधान रुपाली चोपड़ा ने कहा कि हम पेड़ लगाओ और पेड़ बचाओ जैसे संदेश दे रहे हैं, लेकिन यह हमारा कर्तव्य बनता है कि हम मौजूद पेड़ों को बचाएं। हम इस बात को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं कि पेड़ों में भी भावनाएं होती हैं। कुछ लोग कीलों की मदद से पेड़ों पर बैनर, डिजिटल बोर्ड टांग रहे हैं। इसलिए पेड़ों की वृद्धि पर प्रभाव पड़ता है। यह जानकारी क्लब की संपादक श्वेता मिगलानी ने दी।

## नौल्था की दोनों पंचायतों में बराबर होगा भूमि का बंटवारा

- नौल्था डुंगरान के सरपंच पति ने गरीबों के प्लॉट काटने पर आपत्ति जताई
- गांव की कुल पंचायती भूमि 1236 एकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव नौल्था की दोनों पंचायतों के प्रतिनिधि मंडल जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह दहिया से मिले। उन्होंने दोनों पक्षों की समस्याएं सुनी। नौल्था डुंगरान के सरपंच पति ने गरीबों के प्लॉट काटने पर आपत्ति जताई।

नौल्था के प्रतिनिधि चंद्र सिंह ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि पहले दोनों पंचायतें एक खाते में थी, इसलिए गरीब लोगों के प्लॉट एक साथ काटे गए थे। इन प्लॉटों की रजिस्ट्री और इंतकाल हो चुका है। गांव की कुल पंचायती भूमि 1236 एकड़ है। इसमें से केवल 33 एकड़ भूमि ही विकास कार्यों के लिए पट्टे पर दी जाती है। शेष जमीन पर अवैध कब्जे हैं। चंद्र सिंह ने कहा कि पंचायती भूमि गांव की 36 बिरादरी की साझा संपत्ति है। जिला उपायुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए डीडीपीओ राजेश शर्मा को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस बल की मदद से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। उसके बाद ही दोनों पंचायतों का बराबर बंटवारा किया जाएगा।

## कारगिल शहीद अली को नमन किया



**पानीपत।** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत के पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में बलिदान हुए ग्रेनेडियर रियासत अली के बलिदान दिवस पर बलिदानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शहीद अली की वीरांगना शकीला को पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष राजवीर शर्मा व पूर्व सैनिक साथियों ने सम्मानित किया। राजवीर शर्मा ने कहा कि पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत जिले में बलिदान हुए हर बलिदानी के घर पर जाते हैं और श्रद्धांजलि देते हैं और घर वालों को सम्मानित करते हैं तथा बलिदानी के नाम की नेम प्लेट भी लगाते हैं। इस मौके पर हवलदार महेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह खेड़ा हवलदार, वेद सिंह आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर शहीद रियासत अली की याद में देश भक्ति के गीत गाए गए और नारे लगाए गए ।

## जैन मंदिरों में प्रभु नेमिनाथ का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याण दिवस पर पूजन करते हुए श्रद्धालुगण।

श्री दिगंबर जैन सात मंदिरों में विराजे जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याण दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं पूजन में पुरुषों ने श्वेत व केसरिया रंग के धोती दुपट्टा पहनकर और महिलाओं ने केसरिया साड़ी पहनकर भगवान की पूजन आराधना की। इधर, श्री दिगंबर जैन पंचायत के सचिव मनोज जैन ने बताया की जैन धर्म में निर्वाण कल्याणक का विशेष महत्व है, यह दिन है जब भगवान को मोक्ष की प्राप्ति होती है जब भगवान सिद्ध शिला में विराजमान हो जाते हैं। सभी 24 तीर्थंकरों के पांचों कल्याणक दिवस पर जैन धर्म के मंदिरों में विशेष पूजन अर्चना की जाती है। दिनेश जैन ने बताया बताया कि पानीपत में श्री दिगंबर जैन नेमिनाथ जिनालय जो की सवा सौ साल प्राचीन मंदिर है। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि आज भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक बनाया गया है। भगवान नेमीनाथ जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर हैं और वह भगवान कृष्ण के चचेरे भाई भी हैं। इस उत्सव में विशेष रूप से सुनील जैन, सुरेश जैन, मनोज जैन, पुनीत जैन, सुशील जैन, दिनेश जैन, सुभाष जैन, विकास जैन, सत्येंद्र जैन रविंद्र जैन, अजय जैन आदि विशेष रूप से मौजूद रहे

## पुलिस ने ग्रामीण को थर्ड डिग्री टॉर्चर किया

- थानेदार का इंकार, शिकायत पर एसपी ने डीएसपी को सौंप दी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत के गांव बुडश्याम निवासी नरेंद्र ने थाना समालखा के एसएचओ दीपक, एसआई बंसीलाल, एएसआई अनिल व हैड कांस्टेबल अमित व अन्य पुलिस कर्मचारियों पर थर्ड डिग्री टॉर्चर के आरोप लगाए हैं। इधर, नरेंद्र की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इस मामले की जांच डीएसपी समालखा नरेंद्र को दी है। वहीं, समालखा थाना प्रभारी दीपक ने आरोपों पर कहा कि नरेंद्र अपराधिक प्रवृति का है और उस पर अपने ही पिता की हत्या का आरोप है। वहीं नरेंद्र के सभी आरोप बेबुनियाद है और आरोपी ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है। इधर, नरेंद्र का आरोप है कि पुलिस ने उसकी जमीन पर जबरदस्ती ट्रैक्टर चलवाकर उसकी फसल खराब करवा दी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे जबरन समालखा थाना ले जाकर उसे टॉर्चर किया गया। नरेंद्र का आरोप है कि एसएचओ दीपक ने उसके पैर पुलिस कर्मचारियों से पकड़वाकर डंडे मारे। जिससे उसके पैर की हड्डी टूट गई। आरोप है कि उसके साथ मारपीट करने के बाद उसपर व उसकी पत्नी पर 107/151 का मुकदमा दर्ज किया। जबकि दूसरे पक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### लोक अदालत का लाभ लें जनता: शर्मा

**पानीपत।** वर्षा शर्मा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत ने बताया कि सुदेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष जिला विधिक



सेवाएं प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है, लोक अदालत में व्यक्ति आपसी रजामंदी के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लंबित मुकदमों का निपटारा कर सकते है। लोक अदालत में सभी प्रकार के मुकदमे जैसे दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना अधिनियम, चालान व्यवहायिक, बैंक लॉन, पारिवारिक मुकदमों आदि का निपटारा होता है। लोक अदालत में निपटाए गए मुकदमों की कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत के माध्यम से समय और पैसे की बचत होती है और आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0180-2640125 पर संपर्क करें।

### समस्याओं का तत्काल हल करें : एसपी सिंह

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में जरूरतमंद लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस विभाग से संबंधित जो भी समस्या जनता समाधान शिविर में दर्ज होती है निश्चित रूप से उन पर संज्ञान लिया जाता है। उन्होंने आम जन से भी अनुरोध किया की वे अपने आस-पास सफाई रखें व गर्मियों में फैलने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर सावधानियां बरते। निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने कहा कि समाधान शिविर में अधिकारी समय की कीमत को पहचाने व लोगों की समस्याओं के प्रति और गम्भीरता दिखाएं। सीईओ किरण सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर अधिकारियों को ना केवल ध्यान देना है बल्कि उन पर मेहनत करके निश्चित समय अवधि में उनका समाधान भी करना है। नगराधीश टीनू पोसवाल समाधान शिविर में ने कहा कि समाधान शिविर इस विश्वास के साथ संचालित किया जा रहा है कि लोगों की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान होगा।

### विकास में बाधा है बार बार चुनाव होना : राणा

**पानीपत।** देश में बार-बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा हैं। इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है, बल्कि सुरक्षा, प्रशासन और संसाधनों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ईश कुमार राणा ने तहसील कैंप स्थित ए वन पब्लिक स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए यह वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि देशभर से एक ही आवाज आ रही कि बार बार चुनाव से छुटकारा मिलना चाहिए। यही सही समय है कि एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में फैसला हो। ईश कुमार राणा ने कहा कि जो विषय देश हित में होता है भाजपा उक्त विषय को पूरे मनोभाव से आगे बढ़ाती है। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने देश के लोगों की भावनाओं के अनुरूप देश के पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में इस विषय पर कमेटी बनाई। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश बत्रा और अध्यापकों ने ईश कुमार राणा का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अथिति भाजपा जिला मीडिया प्रमुख ओम दत्त आर्य, हुकम चंद मेहता, वीणा, प्रियंका, पलक, सुषमा, जसप्रीत, रजनी, काजल तथा कविता बत्रा मौजूद रही।

### प्लास्टिक का त्याग करें लोग : तरुण गांधी

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मन्दिर माडल टाउन में प्रतिष्ठा फाउंडेशन द्वारा प्लास्टिक मुक्त पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पॉलीथिन थैली के नुकसान विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसकी थीम बीट द पॉल्यूशन रही। प्रोजेक्ट डायरेक्टर संगीता अरोड़ा ने मुख्य अतिथि पार्षद तरुण गांधी और मनोहर सेतिया का स्वागत ताजी हरी सब्जियों से बने सब्जा हरित तोहफे से किया। मुख्य अतिथि तरुण गांधी ने कहा कि

**सूचना**

मैं, दयानंद पुत्र श्री चंदर भान निवासी गांव सिठाना जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रिंकू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं

### पानीपत शुगर मिल में एक पौधा मां के नाम अभियान शुरू

## शुगरमिल के कर्मचारियों ने बीस पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



ग्रीनमैन के नाम से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा व ग्रीन भारत अभियान के तहत शुगर मील पानीपत में एसडीएम नवदीप नैन की अध्यक्षता व मार्गदर्शन में पौधारोपण अभियान चलाया।

ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत तीन बरगद, चार पीपल, चार जंगली पापड़ी, दो नीम, छह पिलखन, एक कटहल सहित छः से नौ फुट बड़े 20 पौधे रोपित करके शुगरमिल के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से एक-एक पौधा गोद लिया। एसडीएम नवदीप नैन ने पर्यावरण को बचाने के लिए सभी नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाकर इनका रखरखाव करना चाहिए। एसडीएम नवदीप नैन ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की तरह हर नागरिक को पर्यावरण संरक्षण जैसे जीवनुपयोगी मुद्दे पर जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि शुगर मील के कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पौधा मां के नाम के तहत शुगर मील पानीपत के गारर्डिंग सुपरवाइजर विजेंद्र मलिक की देखरेख ने कहा कि इस मानसून में बड़े पैमाने पर शुगर मील में पौधारोपण किया जाएगा। इस दौरान विजय राठी पीए एमडी शुगर मील करतार सिंह, डॉ विनय सिक्योरिटी ऑफिसर ईश्वर सिंह, बलवंत सिंह, संदीप कुमार, देवेंद्र, हरिपाल रामचंद्र, रामेश्वर, सुभाष, साबो देवी, आदि ने पौधारोपित किए।

